II Sem Regular Exam April, 17
FYBA
Hindi-I

Q.P. Code :04749

[समय: ३ घंटे] [अंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

प्रश्न- १) निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:- २४

१) "बहुत अच्छा लग रहा है आपका यह जोश और मैं कदर करता हूँ ऐसे जोश की | लेकिन मैं बहका नहीं रहा | दूर क्यों जाते हैं? जिस बिसेसर को लेकर आपके मन में इतना रोष है, उसे क्या इसी तरह जेल में नहीं डाला गया था? एक-दो दिन के लिए भी नहीं, पूरे चार साल के लिए | और केवल डाला ही नहीं, भयंकर यातनाएँ भी दी गई थीं |"

अथवा

"वह तो सो गया साहब, पर अपनी सारी बेचैनी मुझे दे गया | अब जब तक असली मुजरिम को पकड़वाने की उसकी आखिरी इच्छा को पूरी नहीं कर देता, मैं चैन से नहीं सो पाऊँगा......|"

२) "इसीलिए विद्यार्थी-जीवन में सभी विद्यार्थी आदमी के रूप में बहुत कुछ एक से लगते है; परन्तु उन ढाँचों से बाहर निकलते ही अलग हो जाते हैं | कौन कहता है कि बेकार की पुस्तक बेकार है? वही तो आदमी के सच्चे रूप की पुस्तके हैं |"

अथवा

"इनके यहाँ ईंधन थोड़े ही जलता होगा, बिजली और गैस के नये साधन होंगे.....लेकिन निश्चय ही ऐसे पर्दों और मेज़पोश से इनके यहाँ फर्श पोंछे जाते होंगे.....ऐसी किताबें तो इनके यहाँ बच्चे और नौकर पढ़ते होंगे, इनके नौकरों के घर मेरे घर से लाख दर्जे अच्छे होंगे.....यह इनकी महानता ही है कि ऐसे आराम और बेतकल्लुफी से आकर बैठ गये हैं.....|"

प्रश्न-२) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- ३०

१) 'महाभोज' उपन्यास में राजनीतिक दाँव-पेंच का चित्रण किस प्रकार किया गया है?स्पष्ट कीजिए |

अथवा

'महाभोज' उपन्यास के दा साहब के गरिमामय व्यक्तित्व की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखिए |

२) स्वामी दयानंद की जीवनी पर संक्षेप में प्रकाश डालिए |

अथवा

'एक बड़े अस्पताल के बारे में',रचना में सरकारी तंत्र में चल रही अराजकता पर किस प्रकार प्रहार किया गया है?

(आगे देखिए....)

B8AFF6D7105AA0440A55AF1763270BE9

Q.P. Code :04749

प्रश्न-३) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए:- १५

१) 'महाभोज' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट किजिए ।

अथवा

जमनोत्री के उद्गम तक पहुँचने में आये विभिन्न अनुभवों को लेखक ने किस प्रकार चित्रित किया है?

प्रश्न-४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए:- १६

१) बिन्दा कि पत्नी और बिसू की चेली रुक्मा ।

अथवा

एस.पी.सक्सेना और हीरा का संवाद ।

२) 'गप-शप' निबंध का मूलभाव ।

अथवा

मेहमान कहानी का पति ।

प्रश्न-५) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । १५

१) सरोहा गाँव में कौन-सा चुनाव होने वाला था?
२) 'मशाल' पत्र के संपादक कौन थे?
३) दा साहब चुनाव में किसे टिकट देते हैं?
४) बिसू का असली हत्यारा कौन था?
५) 'महाभोज' उपन्यास की लेखिका कौन है?
६) घरेलू उद्योग योजना का शुभारंभ किसके हाथों से संपन्न होता है?
७) बिसू किस घटना का प्रमाण जुटा रहा था?
८) बिसू की चाय में क्या मिलाया गया था?
९) पिताजी ने मूलशंकर से कौन-सा व्रत रखने के लिए कहा?
१०) स्वामी दयानंद के गुरु कौन थे?
११) 'जमनोत्री की यात्रा' यात्रावृत्त के लेखक कौन हैं?
१२) अस्पताल में प्रवेश पाने के लिए कितने पृष्ठ का फॉर्म भरना पड़ता है?
१३) 'गप-शप' किस विधा की रचना है?
१४) अस्पताल में नर्सो ने किस बात को लेकर हड़ताल की थी?
१५) 'मेहमान' कहानी के लेखक कौन हैं?

B8AFF6D7105AA0440A55AF1763270BE9